छात्राओं को दी साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग

(आज समाचार सेवा)

राठ (हमीरपुर) 12 नवम्बर। सामाजिक क्षेत्र में शिक्षाए स्वास्थ्य और स्वरोजगार के क्षेत्र में काम करने वाली सामाजिक संस्था सृजन द्वारा क्लिक हील फाउण्डेशन के सहयोग से साइबर सुरक्षा जागरूकता की। ट्रेनिंग कस्बे के रामलीला मैदान स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ जीजीआईसी की प्रिंसीपल सुशीला देवी सैनी ने किया। इस दौरान क्लिक हील फ ाउंडेशन की सीनियर एक्जीक्यूटिव सुगंधा दानी ने करीब 6 सैंकड़ा से अधिक बच्चों को ई ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग सेशन क्लिक हील के अजय शिरके व सृजन के निखिल श्रीवास्तव के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

ट्रेनिंग सेसन को संबोधित करते हुए सुंगधा दानी ने बच्चों को समझाया कि कभी भी बिना जांचे परखे सोशल मीडिया पर कोई लिंक न खोलें। साथ ही किसी भी अज्ञात सॉफ्टवेयर को भी कभी भी अपने सिस्टम में डाउनलोड न करें। कहा कि किसी भी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर अपनी सारी जानकारी साझा नहीं करें और न ही किसी भी सोशल मीडिया अकाउंट को पब्लिक रखें। अगर आप प्रोफेशनल अकाउंट बनाते हैं तो उस पर निजी जानकारी व तस्वीरें साझा न करें। बताया कि जिस बैंक अकाउंट को नेट बैंकिंग से जोड़े उस के ओटीपी और कार्ड के नम्बर को किसी से साझा न करें। इस दौरान बच्चों को सेफ इंटरनेट उपयोग की भी शपथ दिलाई। इस दौरान संस्था के हेड विनय गुप्त, प्रशांत चौरसिया, आदित्य व नीलेश आदि मौजूद रहे।